मंगलवार, 6 अक्तूबर 2026

देवभूमि मिरर

## न्यूज एक्सप्रेस

# डी.एल.एड. जून-2026 के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित: डॉ. राजेश शर्मा

**निशा/देवभूमि मिरर**



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जून 2026 में आयोजित Diploma in Elementary Education (D.El.Ed.) भाग-I एवं भाग-II की परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित कर दिया गया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि संबंधित परीक्षार्थी अपना पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट 222.hpbose.org पर देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि जून 2026 की D.El.Ed. परीक्षा के परिणाम से असंतुष्ट परीक्षार्थियों को निर्धारित नियमों के अनुसार पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण का अवसर प्रदान किया गया था। प्राप्त आवेदनों में D.El.Ed. भाग-I के 30 मामले तथा भाग-II के 08 मामले, अर्थात कुल 38 मामले शामिल थे, जिनका आज पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण परिणाम जारी कर दिया गया है। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि बोर्ड द्वारा पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण की पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुरूप पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न की गई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड परीक्षा एवं परिणाम संबंधी सेवाओं को सरल, पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। परीक्षार्थी अपना परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध संबंधित लिंक के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए 01892-242158 तथा पुनर्निरीक्षण से संबंधित जानकारी के लिए 01892-242122 पर संपर्क किया जा सकता है।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# डीएलएड पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित

**सवेरा न्यूज,** धर्मशाला, 5 अक्तूबर : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जून 2026 में आयोजित डीएलएड भाग-एक और भाग-दो की परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि संबंधित परीक्षार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण के लिए भाग-एक के 30 और भाग-दो के आठ, कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी मामलों का परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षार्थी संबंधित जानकारी के लिए बोर्ड के दूरभाष नंबर 01892-242158 और 01892-242122 पर संपर्क कर सकते हैं।

Himachal Main
Tue, 06 October 2026

पंजाब केसरी
TUE,06 OCTOBER 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# डी.एल.एड. जून-2026 के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित

धर्मशाला, 5 अक्तूबर (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जून 2026 में आयोजित डी.एल.एड. भाग-1 एवं भाग-2 की परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित कर दिया गया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि संबंधित परीक्षार्थी अपना पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि जून की डी.एल.एड. परीक्षा के परिणाम से असंतुष्ट परीक्षार्थियों को निर्धारित नियमों के अनुसार पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण का अवसर प्रदान किया गया था। प्राप्त आवेदनों में डी.एल.एड. भाग-1 के 30 मामले तथा भाग-2 के 8 मामले कुल 38 मामले शामिल थे, जिनका आज पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण परिणाम जारी कर दिया गया है।

Amar Ujala Dt. 06-10-2026

# डीएलएड के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित

धर्मशाला। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जून-2026 में आयोजित डीएलएड भाग-1 और भाग-2 की परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि संबंधित परीक्षार्थी अपना परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि जून 2026 की डीएलएड परीक्षा के परिणाम से असंतुष्ट परीक्षार्थियों को निर्धारित नियमों के तहत पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का मौका दिया गया। 38 मामलों का पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण परिणाम जारी कर दिया है। ब्यूरो

**Himachal Dastak Dt. 06-10-2026**

# डीएलएड का पुनर्मूल्यांकन का परिणाम घोषित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जून में आयोजित डीएलएड भाग-1 और भाग-2 की परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थी अपना परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के लिए डीएलएड भाग-1 के 30 और भाग-2 के आठ आवेदन प्राप्त हुए थे। कुल 38 मामलों का परिणाम जारी किया गया है। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों के तहत पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की गई है। परीक्षार्थी अपना परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध संबंधित लिंक से देख सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन संबंधी जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है।

# AAPKA FAISLA Dt. 06-10-2026

## डीएलएड जून-2026 के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित: राजेश शर्मा

धर्मशाला, ( आपका फैसला )। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जून 2026 में आयोजित Diploma in Elementary Education (D.El.Ed.) भाग-1 एवं भाग-2 की परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित कर दिया गया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि संबंधित परीक्षार्थी अपना पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट 222.hpbose.org पर देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि जून 2026 की D.El.Ed. परीक्षा के परिणाम से असंतुष्ट परीक्षार्थियों को निर्धारित नियमों के अनुसार पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण का अवसर प्रदान किया गया था। प्राप्त आवेदनों में D.El.Ed. भाग-1 के 30 मामले तथा भाग-2 के 8 मामले, अर्थात कुल 38 मामले शामिल थे, जिनका आज पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण परिणाम जारी कर दिया गया है। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि बोर्ड द्वारा पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण की पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुरूप पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न की गई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड परीक्षा एवं परिणाम संबंधी सेवाओं को सरल, पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। परीक्षार्थी अपना परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध संबंधित लिंक के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए 01892-242158 तथा पुनर्निरीक्षण से संबंधित जानकारी के लिए 01892-242122 पर संपर्क किया जा सकता है।

Dainik Jagran Dt. 06-10-2026

# डीएलएड का पुनर्मूल्यांकन परिणाम हुआ घोषित

**धर्मशाला** : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जून 2026 में संचालित डिप्लोमा इन एलीमेंटरी इन एजुकेशन भाग-एक एवं भाग-दो की परीक्षाओं का पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डाक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि संबंधित परीक्षार्थी परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि जून 2026 की डीएलएड परीक्षा के परिणाम से असंतुष्ट परीक्षार्थियों को निर्धारित नियमों के अनुसार पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण का अवसर प्रदान किया था। प्राप्त आवेदनों में डीएलएड भाग-एक के 30 व भाग-दो के आठ मामले सामने आए थे और अब इनका परिणाम घोषित किया है। (जासं)